सर्व शिक्षा अभियान
सब पढ़ें सब बढ़ें

राज्य परियोजना कार्यालय
उत्तराखण्ड सभी के लिए शिक्षा परिषद्
ननूरखेड़ा,रायपुर,देहरादून, उत्तराखण्ड
फोन /फैक्स - 0135- 2781941, 2781942, 2781943
Email – spd-ssa-uk@nic.in, website http//:ssa.uk.gov.in

विज्ञप्ति

विज्ञप्ति संख्याः रा0प0का0 / 858 / प्रशा0–नियुक्ति / 2013–14 दिनांक 31 जुलाई, 2013

राज्य परियोजना कार्यालय, उत्तराखण्ड सभी के लिये शिक्षा परिषद्, ननूरखेड़ा, तपोवन रोड़ रायपुर, देहरादून द्वारा निम्न विवरणानुसार उल्लिखित पद को प्रतिनियुक्ति अथवा प्रतिनियुक्ति पर अभ्यर्थियों की अनुपलब्धता होने पर समान शैक्षिक योग्यता एवं अनुभव वाले सेवानिवृत्त कार्मिकों से समय–समय पर जारी शासनादेशों के प्रावधानों के अनुसार तैनाती हेतु पात्र उम्मीदवारों से निर्धारित प्रारूप पर आवेदन पत्र आमंत्रित किये जाते हैं।

क्र0 सं0	पदनाम एवं वेतनमान	रिक्त पदों की संख्या	अधिकतम आयु सीमा	तैनाती स्थल	शैक्षिक योग्यता	अनुभव
1	अधिशासी अभियन्ता वेतनमान ₹ 15600–39100 (ग्रेड पे– ₹ 6600)	01	प्रतिनियुक्ति हेतु 50 वर्ष तथा सेवानिवृत्त कार्मिकों हेतु 65 वर्ष	राज्य परियोजना कार्यालय, सर्व शिक्षा अभियान , देहरादून	1 .विधि द्वारा मान्यता प्राप्त किसी तकनीकी संस्थान से बी0ई0 (सिविल) या समकक्ष उपाधि।	1. किसी सरकारी अधिष्ठान में समान वेतनमान के पद पर कार्यरत अथवा किसी सरकारी अधिष्ठान में सहायक अभियन्ता (सिविल) के पद पर अनवरत 05 वर्ष कार्य करने का अनुभव

नियम एवं शर्तें:–

1. आवेदन पत्र निर्धारित प्रारूप पर पूर्ण कर विभागीय अनापत्ति प्रमाण पत्र एवं समस्त वांछित योग्यताओं की प्रमाणित प्रति संलग्न करते हुये पंजीकृत डाक से भेजना होगा। आवेदन पत्र के लिफाफे के ऊपर जिस पद हेतु आवेदन किया जा रहा है उस पद का स्पष्ट उल्लेख करना होगा।
2. प्रतिनियुक्ति के आधार पर तैनाती हेतु आवेदन पत्र के साथ आवेदक को विगत 05 वर्षो में कोई प्रतिकूल प्रविष्टि न मिलने विषयक, सक्षम अधिकारी द्वारा जारी प्रमाण–पत्र संलग्न करना होगा। सेवानिवृत्त कार्मिक को सेवानिवृत्ति से पूर्व पिछले 10 वर्ष में प्रतिकूल प्रविष्टि न मिलने विषयक प्रमाण पत्र संलग्न करना अनिवार्य होगा। प्रमाण पत्र सम्बन्धित विभाग (जहाँ से सेवानिवृत्त हुये हैं) के सक्षम अधिकारी द्वारा जारी होना चाहिए।
3. अधिकतम आयु सीमा तथा सेवा की गणना दिनांक 01 जुलाई, 2013 को आधार मान कर की जाएगी।
4. प्रतिनियुक्ति की सेवा अवधि राज्य में परियोजना संचालन की अवधि पर निर्भर करेगी। प्रतिनियुक्ति अवधि का निर्धारण राज्य सरकार द्वारा निर्धारित नियमों के अनुरूप ही किया जायेगा। प्रतिनियुक्ति पर चयनित अभ्यर्थी के परियोजना में आंवटित कार्यों के मूल्यांकन के आधार पर प्रतिनियुक्ति विस्तारीकरण अथवा समाप्ति पर विचार किया जायेगा। सेवानिवृत्त कार्मिक को परियोजना की आवश्यकता के अनुसार योजित किया जाएगा।
5. अपूर्ण व वांछित योग्यता न रखने वाले आवेदकों के आवेदन पत्र निरस्त कर दिये जायेंगे, जिसकी सूचना आवेदक को दिया जाना सम्भव नहीं होगा।
6. पूर्ण रूप से भरे हुये आवेदन पत्र दिनांक 22 अगस्त, 2013 को सांय 5:00 बजे तक राज्य परियोजना कार्यालय, उत्तराखण्ड सभीके लिये शिक्षा परिषद् ननूरखेड़ा, तपोवन रोड़, रायपुर, देहरादून में पंजीकृत डाक / स्पीड पोस्ट से अवश्य पहुँच जाने चाहिए। निर्धारित अन्तिम तिथि के पश्चात आवेदन पत्र स्वीकार नहीं किये जाएंगे। कोरियर द्वारा भेजे जाने वाले आवेदन पत्र स्वीकार नहीं किये जायेंगे।
7. आवेदन पत्र में प्रस्तुत की गयी सूचनाएं असत्य पाये जाने पर आवेदन / चयन निरस्त कर दिया जाएगा तथा नियमानुसार आवश्यक कार्यवाही की जायेगी।
8. यह विज्ञप्ति 31 मार्च 2014 तक वैध होगी।
9. काउंसिलिग हेतु बुलाए जाने पर किसी भी प्रकार का यात्रा भत्ता / दैनिक भत्ता देय नहीं होगा।

राज्य परियोजना निदेशक
उत्तराखण्ड सभी के लिये शिक्षा परिषद्
उत्तराखण्ड, देहरादून

D:/Advertisement /Expert Advertisement

आवेदन पत्र का प्रारूप

1. आवेदित पद का नाम : ....
2. आवेदक का नाम : ....
3. जन्मतिथि : ....
4. 01 जुलाई, 2013 को आयु : ....वर्ष..............माह....................दिन
5. पिता/पति का नाम : ....
6. स्थायी पता : ....
7. पत्र व्यवहार का पता : ....
8. पद व कार्यालय का पता/ : ....
   सेवानिवृत्ति की तिथि को कार्यरत : ....
   कार्यालय का पता : ....
9. दूरभाष संख्या/मोबाइल नं0 : ....
10. शैक्षिक तथा तकनीकी योग्यता –

पासपोर्ट आकार का नवीनतम फोटोग्राफ

क्र. सं.	योग्यता	परीक्षा	बोर्ड/विश्वविद्यालय	वर्ष	प्राप्तांक/ पूर्णांक	उत्तीर्ण प्रतिशत
1.	शैक्षिक योग्यता					
2.	तकनीकी योग्यता					

11 . कार्यानुभव

क्र.सं.	पद का नाम व वेतनमान	संस्था का नाम	सरकारी/अर्द्ध सरकारी/अन्य	कार्य अवधि कब से कब तक	अवधि पूर्ण वर्षो में
1.					
2.					
3.					

11. संलग्नकों का विवरण–

स्थान –..

दिनांक –..

हस्ताक्षर अभ्यर्थी

घोषणा पत्र

मैं..पुत्र/पुत्री श्री/श्रीमती..यह प्रमाणित करता/करती हूँ कि उपरोक्त अंकित सूचनाएँ सही एवं सत्य है। सूचनाएँ सही न पाये जाने पर समस्त उत्तरदायित्व मेरे स्वयं का होगा।

हस्ताक्षर अभ्यर्थी

D:/Advertisement /Expert Advertisement